# प्रेस नोट दिनांक- 13.05.2025

## थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

**🔰थाना सैयदराजा पुलिस द्वारा एक वाहन टाटा मैजिक से कुल 03 राशि गोवंश बरामद करते हुए 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।**

पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे के निर्देशानुसार जनपद के रास्ते गौ तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनंत चन्द्रशेखर व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 12.05.2025 को मुखबिर की सूचना के आधार पर उ0नि0 बब्बन सिंह चौहान मय हमराह द्वारा एनएच 02 हाइवे पर स्थित ग्राम परेवा शिवार्पण पेट्रोल पम्प के सामने हाइवे के उत्तरी लेन के पास से चेकिंग के दौरान 01 वाहन टाटा मैजिक UP67BT4820 से कुल 03 राशि गोवंश गाय को बरामद किया गया और 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।
बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 108/25 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

बाल अपचारी

**बरादगी का स्थान व समय-**

एनएच 02 हाइवे पर स्थित ग्राम परेवा शिवार्पण पेट्रोल पम्प के सामने दिनांक 12.05.2025 समय करीब 10.50 बजे

**बरामदगी का विवरणः-**

1. एक वाहन टाटा मैजिक UP67BT4820
2. 03 राशि गोवंश (गाय)
3. एक मोबाइल एन्ड्रायड रियलमी कम्पनी
4. 640 नगदी रुपया

**बरामदगी में पुलिस टीम का विवरण–**

1. प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय- थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
2. उ0नि0- बब्बन सिंह चौहान थाना सैयदराजा चन्दौली।
3. हे0का0 मो-नसिरूद्दीन हुमायूं थाना सैयदराजा चन्दौली
4. का0 देवेन्द्र मौर्या सैयदराजा चन्दौली।
5. का0 विष्णुदत्त प्रजापतिथाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।
6. का0 राजू सिंह थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली
7. का0 मनीराम दुबे थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

## थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

- **थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा 03 पिट्ठू बैग में से 19.125 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए तीन अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लाग्हें द्वारा शराब तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर एवं क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर राजीव सिसोदिया के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय गगनराज सिंह के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर लाल बहादुर शास्त्री पार्क के पास से दिनांक 13.05.25 को समय 01.10 बजे अभियुक्तगण 1.राहुल कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार प्रजापति निवासी स्टेशन रोड झोपड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर 10 डेहरी आन सान थाना डेहरी जनपद रोहतास (बिहार ) उम्र करीब 27 वर्ष, 2.दीपक कुमार पुत्र प्रभुसाव निवासी स्टेशन रोड झोपड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर 10 डेहरी आन सान थाना डेहरी जनपद रोहतास (बिहार ) उम्र करीब 19 वर्ष, 3.रणवीर कुमार पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी महावीर कालोनी थाना बहादुरपुर जनपद पटना (बिहार) उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे के 03 पिट्ठू बैग मे से 19.125 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1.राहुल कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार प्रजापति निवासी स्टेशन रोड झोपड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर 10 डेहरी आन सान थाना डेहरी जनपद रोहतास (बिहार) उम्र करीब 27 वर्ष,

2.दीपक कुमार पुत्र प्रभुसाव निवासी स्टेशन रोड झोपड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर 10 डेहरी आन सान थाना डेहरी जनपद रोहतास (बिहार) उम्र करीब 19 वर्ष,

3.रणवीर कुमार पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी महावीर कालोनी थाना बहादुरपुर जनपद पटना (बिहार) उम्र करीब 27 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग-**

1. 263/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

**विवरण बरामदगीः-**

1. 03 पिट्ठू बैग मे से 19.125 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.प्रभारी निरीक्षक गगनराज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

2.उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

3.हे0का0 अतुल कुमार थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

4.का0 भूपेश कुमार थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

## **थाना चकिया जनपद चंदौली**

❖थाना चकिया पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार व 03 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

❖अभियुक्तों के पास से चोरी के 23500/- रूपए बरामद

**चंदौली-** पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे द्वारा वारंटी/वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन दिगम्बर कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी चकिया नामेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अतुल कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना चकिया पुलिस टीम द्वारा थाना चकिया पर पंजीकृत मु.अ.सं. 76/25 धारा 331(4)/305/317(2) बी0एन0एस0 से संबंधित चोरी किये गये 23500/- रूपये को दिनांक 13.05.2025 को बरामद कर घटना का सफल अनावरण करते हुए मंगरौर जंगल वहद ग्राम मंगरौर से 01 अभियुक्त 1.अभिषेक उर्फ विकाश पुत्र संतोष राम निवासी ग्राम सुल्तानपुर थान चकिया जनपद चन्दौली को गिरफ्तार किया गया व 03 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.अभिषेक उर्फ विकाश पुत्र संतोष राम निवासी ग्राम सुल्तानपुर थान चकिया जनपद चन्दौली

2.03 बाल अपचारी

**बरामदगी का विवरण-**

1.कुल 23500 /- रूपये बरामद

**गिरफ्तारी व बरामदगी टीम का विवरण–**

1.थानाध्यक्ष अतुल कुमार थाना चकिया जनपद चन्दौली।

2.उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय थाना चकिया जनपद चन्दौली।

3.उ0नि0 हरेन्द्र यादव थाना चकिया जनपद चन्दौली।

4.उ0नि0 इन्द्रासन यादव थाना चकिया जनपद चन्दौली।

5.का0 रविन्द्र कुमार थाना चकिया जनपद चन्दौली।